# ओरल ज्वर-नाशक औषधियां

## परिचय

बुखार शरीर के असामान्य तौर पर बढ़े तापमान के रूप में प्रकट होता है। सामान्य तौर पर, मुँह से लिया तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक, या रेक्टल/टाम्पैनिक (कान) का तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक होने को महत्वपूर्ण माना जाएगा और संदिग्ध बुखार के लिए व्यक्ति को डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। ज्वर-नाशक औषधियाँ ऐसी दवाएँ हैं जो बुखार को कम करती हैं।

ओरल ज्वर-नाशक दवाओं को सामान्य तौर पर दो श्रेणियों में बाँटा जा सकता है: पेरासिटामोल और गैर-स्टेरॉयडल सूजन-रोधी दवाएँ (जैसे कि इबुप्रोफेन और एस्प्रिन)।

पेरासिटामोल, एक ब्रांडेड उत्पाद के रूप में या जेनेरिक नाम पेरासिटामोल के तहत बेची जाती है, जो सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली काउंटर पर बेचे जाने वाली दवा है। कृपया ध्यान दें कि पेरासिटामोल को एसिटामिनोफेन भी कहा जाता है, दोनों एक ही दवा का संदर्भ दे रहे हैं।

## सामान्य दुष्प्रभाव*

यदि आप इसे सही तरीके से लेते हैं, तो पेरासिटामोल के गंभीर बुरे प्रभाव दुर्लभ होते हैं, हालांकि त्वचा पर चकत्ते समेत अति-संवेदनशीलता हो सकती है। गंभीर त्वचा की प्रतिक्रियाओं के मामले भी बहुत कम रिपोर्ट किये गए हैं।

गैर-स्टेरॉयडल सूजन-रोधी दवाओं (NSAIDs) के सामान्य प्रतिकूल प्रभाव जठरांत्र गड़बड़ी जैसे कि मतली, उल्टी, दस्त, कब्ज़ और भूख में कमी हैं। रगड़, छाले और मेलेना के साथ अमाशय श्लेष्मा में जलन हो सकती है। एस्प्रिन रक्तस्राव के समय को भी बढ़ाती है और प्लेटलेट की चिपकने की क्षमता को कम कर देती है।

यदि आप किसी दुष्प्रभाव को लेकर चिन्तित हैं या कुछ आसामान्य देखते हैं, तो कृपया स्वास्थ्य विशेषज्ञों से परामर्श करें।

## ओरल ज्वर-नाशक दवाएँ लेने के बारे में सामान्य परामर्श *

- कुछ ओरल ज्वर-नाशक दवाएँ (अर्थात पेरासिटामोल) आम तौर पर काउंटर पर बेची जाती हैं, जिन्हें डॉक्टर के पर्चे के बिना ख़रीदा जा सकता है। फिर भी, आपको कोई भी दवाई लेने से पहले स्वास्थ्य विशेषज्ञों से सलाह लेनी चाहिए। पेरासिटामोल वाले विभिन्न कांउटर वाले पंजीकृत उत्पादों को अलग-अलग करने में जनता के सदस्यों की सहायता करने के लिए इन उत्पादों की सूची दवा कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर पोस्ट की गई है: https://www.drugoffice.gov.hk/eps/do/en/doc/List_of_registered_pharmaceutical_products_containing_paracetamol.pdf
- बताई गई खुराक से अधिक न लें। आपको ज्वर-नाशक दवाओं का उपयोग करने से पहले, उत्पाद पैकेज या दर्शाए गए निर्देशों को पढ़ना चाहिए, और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से सलाह लेनी चाहिए।
- यदि लक्षण बने रहते हैं या बिगड़ जाते हैं तो अपने डॉक्टर के साथ परामर्श करें।
- यदि आप गर्भवती हैं या स्तनपान करवा रही हैं तो कोई भी दवा लेने से पहले अपने डॉक्टर के साथ परामर्श करें।
- एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया होने पर उत्पाद का उपयोग तुरंत बंद कर दें और अपने डॉक्टर के साथ परामर्श करें।

## पेरासिटामोल लेते समय अतिरिक्त जानकारी/ सावधानियाँ*

- यदि पेरासिटामोल लेने के बाद बुखार 3 दिनों से अधिक समय तक रहता है, तो आपको अपने स्वास्थ्य की निगरानी करनी चाहिए, और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से सलाह लेनी चाहिए।
- जब तक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा सलाह न दी जाए पेरासिटामोल को पेरासिटामोल युक्त किसी अन्य उत्पाद (जैसे कि अन्य जुकाम और सर्दी की दवाएँ जिनमें पेरासिटामोल हो सकता है) के साथ न लें।
- बताई गई खुराक से अधिक न लें। पेरासिटामोल के अनुचित उपयोग से लीवर की विषाक्तता या गंभीर लीवर की क्षति होने की संभावना होती है।
- यदि आपको गुर्दे, लीवर की बीमारी है या आप ओरल एंटीकोआगुलंट्स (जैसे कि वार्फरिन) ले रहे हैं, तो आपको पेरासिटामोल युक्त दवाओं का उपयोग करने से पहले स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ परामर्श करने की सलाह दी जाती है।
- पेरासिटामोल की ओवरडोज़ लीवर की गंभीर क्षति का कारण बन सकती है, इसलिए, एक सामान्य व्यस्क को 24 घंटों के भीतर 4,000 मिलीग्राम से अधिक पेरासिटामोल का उपयोग नहीं करना चाहिए (500 मिलीग्राम पेरासिटामोल वाली एक गोली के लिए, एक सामान्य व्यस्क के लिए अधिक से अधिक प्रतिदिन उपयोग 8 गोलियां हैं)। विशेष बीमारी की स्थितियों वाले बच्चों या व्यक्तियों को उत्पाद पैकेज या दर्शाए अनुसार और/या स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार कम खुराक लेनी चाहिए।
- पेरासिटामोल वाली दवाओं के उपयोग के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया नीचे दिए गए लिंक को देखें: https://www.drugoffice.gov.hk/eps/do/en/consumer/news_informations/knowledge_on_medicines/paracetamol.html

## NSAIDs लेते समय अतिरिक्त जानकारी/ सावधानियाँ*

- सभी NSAIDs गंभीर हृदय की विफलता वाले मरीजों में निषेध है।
- यदि आपका पिछले NSAIDs थैरेपी के साथ संबंधित गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रक्त बहने या छिद्रण होने का इतिहास है, बार-बार पेप्टिक अल्सर या हैमरेज की सक्रियता या इतिहास है तो NSAIDs का उपयोग न करें।
- NSAIDs का उपयोग न करें यदि आपके पास एस्प्रिन या किसी अन्य NSAIDs के प्रति अति संवेदनशीलता का इतिहास है, इसमें वे लोग भी शामिल हैं जिनमें एस्प्रिन या किसी अन्य NSAIDs के कारण दमा, एंजियोएडेमा, पित्ती, या नासिका-प्रदाह के अटैक हुए हैं।
- डॉक्टर की सलाह के बिना 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में एस्प्रिन का उपयोग न करें।
- यदि आपको पेट में अल्सर, लगातार बदहज़मी या लीवर की बीमारी है तो एस्प्रिन का उपयोग न करें क्योंकि एस्प्रिन पेट में जलन पैदा करती है और रक्त स्राव का कारण बन सकती है।
- ओरल NSAIDs के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया नीचे दिए गए लिंक को देखें :https://www.drugoffice.gov.hk/eps/do/en/consumer/news_informations/dm_03.html#e

## भंडारण

ओरल ज्वर-नाशक दवाओं को किसी ठंडी सूखी जगह में संग्रहित किया जाना चाहिए और सीधी धूप से बचाना चाहिए। जब तक लेबल पर निर्दिष्ट न हो, दवाओं को फ्रिज में संग्रहित नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा, बच्चों द्वारा निगले जाने की दुर्घटना से बचने के लिए दवाओं को उनकी पहुँच से दूर स्थानों पर सही ढंग से रखा जाना चाहिए।

* यहाँ दी गई जानकारी में सभी संभावी दुष्प्रभावों, सावधानियों, चेतावनियों, दवाओं के परस्पर प्रभाव, एलर्जी वाली प्रतिक्रियाएँ या प्रतिकूल प्रभावों को शामिल नहीं किया जा सकता है।

दवा कार्यालय
स्वास्थ्य विभाग
अप्रैल 2023